कार्यालय : प्रधान ... बिहार, पटना
613
09/05/17

पर्यावरण एवं वन विभाग, बिहार सरकार

# कार्यालय वन संरक्षक, सीवान अंचल, सीवान

पी० के० जायसवाल, भा०व०से०
वन संरक्षक, सीवान अंचल,
सीवान

गंडक कॉलनी, सी०–1, श्रीनगर,
सीवान, पिन कोड–841226
**E-Mail Address:-cfsiwan@gmail.com**
**Mob. No8986153429**

---

पत्र संख्याः 796

सेवा में,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)
–सह–नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण), बिहार

*सीवान, दिनांकः* 5/5/17

विषयः– पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत खाता संख्या– 164, खेसरा संख्या– 323, मौजा– चिकनी बरवा, थाना संख्या– 103, थाना– आदापुर में रक्सौल– घोड़ासाहन नहर बाँध पर पक्की सड़क/पथ किनारे में **BPCL** का रिटेल आउटलेट स्थापित करने हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव।

प्रसंगः– वन प्रमंडल पदाधिकारी, मोतिहारी का पत्रांक 1764 दिनांक 30.11.2016, इस कार्यालय का पत्रांक 299 दिनांक 14.02.2017 एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी, मोतिहारी का पत्रांक 474 दिनांक 08.04.2017

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत खाता संख्या– 164, खेसरा संख्या– 323, मौजा– चिकनी बरवा, थाना संख्या– 103, थाना– आदापुर में रक्सौल– घोड़ासाहन नहर बाँध पर पक्की सड़क/पथ किनारे में **BPCL** का रिटेल आउटलेट स्थापित करने हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव वन प्रमंडल पदाधिकारी, मोतिहारी के पत्रांक 1764 दिनांक 30.11.2016 द्वारा भेजा गया था। जिसमें काफी त्रुतियाँ थी, जिसके कारण प्राप्त नहीं किया गया। पुनः इस कार्यालय के पत्रांक 299 दिनांक 14.02.2017 द्वारा निराकरण हेतु पत्र निर्गत किया गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी, मोतिहारी द्वारा पुनः पत्रांक 474 दिनांक 08.04.2017 द्वारा कुल 9 त्रुटियाँ में से 7 त्रुटियाँ का ही निराकरण कर अंचलीय कार्यालय को भेजा गया।

वन प्रमंडल पदाधिकारी, मोतिहारी से प्राप्त प्रस्ताव के भाग–iii में वन संरक्षक, सीवान अंचल, सीवान द्वारा स्थल निरीक्षण के उपरान्त अनुशंसा अंकित कर प्रस्ताव 6 (छः) प्रतियों मे इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा जा रहा है।

अतः भवदीय से अनुरोध है कि इस प्रस्ताव में अन्य अभिलेख/मूल अभिलेख की आवश्यकता पड़ती है तो वन प्रमंडल पदाधिकारी, मोतिहारी वन प्रमंडल को निदेश दिया जा सकता है।

अनुलग्नक– यथोक्त।

विश्वासभाजन

5/5/17

वन संरक्षक,
सीवान अंचल, सीवान